# नामी मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल तांबी गिरफ्तार

## एनसीबी की टीम ने एनडीपीएस कोर्ट की लिंक कोर्ट में पेश किया, जहां से 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा

- पंद्रह मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्त किए।
- एनसीबी और ड्रग कंट्रोल की टीम ने 29 नवंबर की रात को संयुक्त कार्रवाई कर डॉ. तांबी के मालवीय नगर स्थित घर पर छापा मारकर बड़ी संख्या में एडीपीएस श्रेणी की दवाईयों की खेप जब्त की थी।

**जयपुर**,(कासं)। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने मंगलवार को जयपुर में नामी साइक्राइटिस्ट डॉक्टर अनिल तांबी को गिरफ्तार कर लिया। एनसीबी टीम ने डॉ. तांबी को एनडीपीएस कोर्ट की लिंक कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

ड्रग कंट्रोल की टीम ने आज इस मामले में जयपुर के 15 रिटेल मेडिकल स्टोर के लाइसेंस भी कैंसिल किए है। 29 नवंबर को ही इन दुकानों पर टीम ने छापा मारकर एविल दवाईयों की खरीद-फरोख्त में बड़ी गड़बड़ी पाई थी।

गौरतलब है कि डॉ. तांबी के घर पर 29 नवंबर की रात को एनसीबी और ड्रग कंट्रोल की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छापा मारा था, जहां से बड़ी संख्या में एडीपीएस श्रेणी की दवाईयों की खेप जब्त की थी।

इस दौरान टीम ने चांदपोल स्थित राजस्थान मेडिकल एण्ड प्रोविजन स्टोर के यहां छापा मारा था, जिसमें मेडिकल स्टोर के एक गोदाम से बड़ी संख्या में दवाईयां जब्त की है। यह गोदाम बिना लाइसेंस के संचालित कर रखा था। इस दौरान टीम ने एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया था। इस मेडिकल स्टोर का लाइसेंस उसी दिन निरस्त कर दिया गया था। जांच में मिले इनपुट के आधार पर टीम डॉ. अनिल तांबी के मालवीय नगर स्थित घर पर पहुंची थी।

डॉ. तांबी के घर से ड्रग कंट्रोल टीम को मेडिकल स्टोर से 360 की दवाई को 500 रुपए में बेचने के साक्ष्य मिले थे। इसके साथ ही यहां से बड़ी संख्या में एनडीपीएस श्रेणी की दवाएं एविल इंजेक्शन की खेप रखी मिली थी। इसके बाद एनसीबी ने इस पूरे मामले में केस बनाया था। इसके तहत मंगलवार को डॉ. तांबी को गिरफ्तार कर लिया गया। ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने बताया कि 29 नवंबर को जिन 15 दुकानों पर छापे मारे गए उनकी जांच में पाया गया कि इन मेडिकल स्टोर संचालकों की ओर से राज्य में सीएण्डएफ होने के बाद भी राज्य के बाहर से दूसरी फर्मों से एविल इंजेक्शन की खेप खरीदी और उनकी बिक्री की। पिछले 8 महीने के दौरान 2 लाख इंजेक्शन इसी तरह बेचे गए। वहीं इसमें ये पाया गया कि करीब 14 हजार इंजेक्शन तो बिना डॉक्टर्स की पर्ची के और बिना बिल के बेचे गए। ये इंजेक्शन नशे के उपयोग में किए गए। इसके चलते 15 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस बुधवार निरस्त किए गए है।

ड्रग कंट्रोल विभाग ने आज जेडीए कॉलोनी आगरा रोड स्थित कमल मेडिकल एंड प्रोविजन स्टोर, झालाना डूंगरी स्थित श्री धनराज मेडिकल, झालाना मालवीय नगर स्थित वी.जे. फार्मास्यूटिकल्स, झालाना जगतपुरा रोड स्थित नवीन मेडिकल, दिल्ली बाइपास गलता गेट स्थित वैश्नवी मेडिकल, प्रधान मार्ग मालवीय नगर स्थित न्यू लाइफ केयर, कुम्भा मार्ग टोंक रोड स्थित बालाजी मेडिकल, रामनगरिया जगतपुरा स्थित विक्रम मेडिकल, रीको कूकस स्थित श्री साईं मेडिकल, रामगंज स्थित शांति मेडिकल, चौरडिया पेट्रोल पंप सांगानेर स्थित सक्षम मेडिकल, दिल्ली बाइपास आमेर रोड स्थित लाइफ केयर फार्मा, रामगंज बाजार बाबू का टिब्बा स्थित कान्हा मेडिकल, मच्छ की पीपली गोनेर रोड स्थित श्री गायत्री मेडिकल और सिद्धार्थ नगर गैटोर मालवीय नगर स्थित शुभम मेडिकल का लाइसेंस रद्द किया है।

## 'बिना एनओसी व्यावसायिक गतिविधियां क्यों?'

**जयपुर**, (का.सं.)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की भोपाल बेंच ने नाहरगढ़ किले में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने के लिए वन विभाग की एनओसी लिए बिना सीधे वाइल्ड लाइफ एनओसी जारी करने पर केंद्र सरकार, नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ सहित राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इसी तरह अधिकरण ने जयगढ़ किले में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर भी केन्द्र व राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अधिकरण ने यह आदेश राजेन्द्र तिवारी के प्रार्थना पत्रों पर दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि नाहरगढ़ किले में व्यावसायिक गतिविधियों को बंद करने के लिए एनजीटी ने आदेश दिए थे। वहीं बाद में सुप्रीम कोर्ट ने पुरातत्व विभाग के पक्ष में स्टे दे दिया। इसके बाद वन और पुरातत्व विभाग ने मिलकर नाहरगढ़ फोर्ट में व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस लेने की कार्रवाई शुरू कर दी। इसके लिए पुरातत्व विभाग ने वन विभाग को प्रस्ताव भेजा और वन विभाग ने इस प्रस्ताव को नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड को यह प्रस्ताव भेजा। जहां गत 4 नवंबर 2022 को वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस मिल गई। प्रार्थना पत्र में कहा गया कि वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस लेने से पहले वन विभाग की एनओसी लेनी जरूरी है, लेकिन इस मामले में तथ्य छिपाते हुए सीधे ही वाइल्ड लाइफ क्लियरेंस ले लिया गया।

# एसिकॉन की कॉन्फ्रैंस में हार्मोंस से जुड़ी बीमारियों पर चर्चा होगी



एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया ( एसिकॉन 2022 ) की 51वीं वार्षिक कांफ्रेंस का उद्घाटन में डॉ. प्रकाश केसवानी, डॉ. सैलेश लोढ़ा ( बीचमें ), डॉ. सुधीर भंडारी ( बायें से दूसरे ), डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. प्रेम प्रकाश पाटीदार, डॉ. राजीव कासलीवाल, डॉ. मनोज खंडेलवाल, डॉ. अजय शाह उपस्थित रहे।

**जयपुर**, (का.सं.)। एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया (एसिकॉन 2022) के 51 वें वार्षिक कांफ्रेंस की शुरुआत राजधानी जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में बुधवार को हुई। जबकि इसका औपचारिक उद्घाटन 22 दिसंबर को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. संजय सारण ने बताया कि एसिकॉन 2022 के साइंटिफिक कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. प्रकाश केसवानी, डॉ. सैलेश लोढ़ा डॉ. सुधीर भंडारी, डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. प्रेम प्रकाश पाटीदार, डॉ. राजीव कासलीवाल, डॉ. मनोज खंडेलवाल, डॉ. अजय शाह उपस्थित रहे। कांफ्रेंस में देश विदेश के 2000 डॉक्टर्स एक छत के नीचे जमा हुए हैं, जहां वह हार्मोंस से जुड़ी बीमारियों पर चर्चा के साथ ही इनसे बचाव व उपचार पर विचार साझा करेंगे। कांफ्रेंस के पहले दिन कई टॉपिक्स पर चर्चा और वर्कशॉप भी आयोजित की गई।

डॉ. सैलेश लोढा ने डायबिटीज और डॉ. प्रकाश केसवानी ने थायराइड जैसी बीमारी पर रोशनी डालते हुये बताया कि जहां इन बीमारियों के रिवर्स यानी जड़ से मिटने पर चर्चा की गई। डायबिटीज और थायराइड जैसी बीमारियों को लेकर लोगों में बहुत भ्रांतियां फैली हैं, जिन्हे दूर करने की जरूरत है। डायबिटीज के उपचार के साथ जागरूकता बहुत जरूरी है, इसके लिए अपने लाइफ स्टाइल के साथ एक्सरसाइज और खानपान को लेकर अवेयरनेस जरूरी है। वहीं डॉ. केसवानी ने थायराइड के दो प्रकार हाइपो थैरिडिज्म और हाईपर थैरिडिज्म होते हैं बताया, दोनो ही टाइप का डायग्नोसिस बहुत जरूरी है, इसके लिए समय रहते जांच करा लेना चाहिए ताकि बीमारी से बचा जा सके। इस बीमारी को जड़ से कैसे मिटाया जा सके इस पर भी चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से आए इंडोक्रेनोलोजिस्ट और इन्सुलिन पंप थेरेपी स्पेशलिस्ट डॉ. तरुण मिश्रा ने एक वर्कशॉप में देश और विदेश से आए डॉक्टर्स को संबोधित करते हुए इन्सुलिन पंप थेरेपी का लाइव डेमो दिया ताकि वह मरीजों तक इसके फायदे पहुंचाने का काम कर सकें। इन्सुलिन पंप एक डिवाइस है जो आर्टिफिशियल पैंक्रियाज की तरह काम करता है। यह डिवाइस शुगर पीड़ितों के लिए बहुत अच्छा ऑप्शन है, जो मरीज को डायबिटीज फ्री होना सुनिश्चित कर सकता है।

# महापौर सौम्या गुर्जर ने देर रात शहर के रैन बसेरों में व्यवस्थाएं जांची

- फुटपाथ पर सर्दी से ठिठुरते लोगों को नजदीकी शेल्टर होम में पहुंचाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने मंगलवार देर रात 11 बजे से अलसुबह 3 बजे तक शहर के कई रैनबसेरों (शेल्टर होम) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने अफसरों को रैन बसेरों में माकूल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। सौम्या गुर्जर ने सांगानेर थाने के सामने पुलिया के नीचे बने रैनबसेरे से निरीक्षण की शुरुआत की। इसके बाद वे सांगानेर, महारानी फार्म, त्रिवेणी नगर पुलिया, अजमेर रोड 200 फीट बाइपास, गौरव टावर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन, जेके लोन अस्पताल के मुख्य द्वार के पास रामनिवास बाग गेट के पास, विद्याधर नगर स्थित आदि अस्थाई रैनबसेरों एवं थड़ी मार्केट स्थित स्थाई रैनबसेरों का निरीक्षण करने पहुंची। सांगानेर थाने के सामने पुलिया के नीचे बने रैनबसेरे में महापौर जब पहुंची तो वहां सो रहे लोगों की संख्या के बारे में महापौर ने वहां मौजूद सुरक्षा गार्डों से पूछा तो उन्होंने बताया कि यहां 80 लोग सो रहे हैं, जबकि इस रैनबसेरे में 100 लोगों की रुकने की व्यवस्था है। निरीक्षण के दौरान महापौर को सड़क के किनारे फुटपाथ पर कई लोग खुले में कम्बल चादर में ठिठुरते दिखे, जिस पर उन्होंने मौके पर गाड़ी रोककर उनसे बात की। इस पर मालूम चला कि पंजीकरण के लिये आवश्यक दस्तावेज नहीं होने की वजह से उन्हें एंट्री नहीं मिली। महापौर ने उन्हें पास के रैनबसेरे में ले जाकर उन्हें सोने-रहने की जगह दिलवाई।

महापौर ने महारानी फार्म स्थित रैनबसेरों में सो रहे कुछ लोगों से बात की और पूछा कि यहा कब से सो रहे हो। तो उन में से एक दो लोगों ने बताया कि वे मजदूरी के लिए जयपुर आए हैं और यहां पिछले एक माह से रह रहे है। इस दौरान कुछ लोगों ने पूछताछ में बताया कि यहां खाना एवं रहना तो फ्री मिल रहा है, लेकिन सुबह जब पास के सुलभ शौचालय में जाते है तो वहां नहाने-धोने के 10 से 15 रुपये लेते है जबकि हम उनको शेल्टर होम की पर्ची दिखाते है, तो भी ये नहीं मानते है। इस पर महापौर ने तुरंन्त जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

# पुलिस अफसरों पर कार्रवाई वाले आदेश पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग के बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कोटा की पॉक्सो कोर्ट-4 के 21 नवंबर के उस आदेश की क्रियांविति पर रोक लगा दी है, जिसमें डीजीपी को 12 दिसंबर को कोर्ट में खुद या प्रतिनिधि को हाजिर होकर यह बताने के लिए कहा था कि उन्होंने 23 अगस्त के आदेश की पालना क्यों नहीं की। वहीं डीजीपी को कहा था कि क्यों ना उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। साथ ही अदालत ने पॉक्सो कोर्ट के इसी मामले में डीएसपी मुकुल शर्मा, कोटा एसपी केसर सिंह शेखावत व प्राथमिक जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने वाले आदेश पर भी रोक लगाई है।

वहीं डीएसपी मुकुल शर्मा से केस का अनुसंधान वापस लेकर उन्हें तीन महीने तक किसी भी केस का अनुसंधान नहीं देने और उन्हें चार्जशीट देने वाले आदेश पर भी रोक लगाई है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश डीएसपी मुकुल शर्मा व राज्य सरकार की याचिका पर बुधवार को दिया। राज्य सरकार की ओर से एएजी घनश्याम शर्मा व डीएसपी की ओर से अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने अदालत को बताया कि पॉक्सो कोर्ट के जज ने सुस्थापित सिद्धांतों व विधि के प्रावधानों का उल्लंघन कर आदेश दिए हैं, जो गलत है। इसलिए पॉक्सो कोर्ट के डीजीपी, एसपी व डीएसपी के खिलाफ दिए आदेशों की क्रियांविति पर रोक लगाई जाए। अदालत ने राज्य सरकार व प्रार्थी की दलीलों से सहमत होकर पॉक्सो कोर्ट के आदेशों की क्रियांविति पर रोक लगा दी।

# प्रदेश के दो जिलों में पांच नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। चीन में जहां करोना संक्रमण के लगातार बढ़ते प्रसार से हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं, वहीं भारत में फिलहाल हालात काफी नियंत्रण में है। इधर राजस्थान में रोजाना काफी कम संख्या में नए संक्रमित मिल रहे है। राज्य में बुधवार को 2 जिलों में केवल 5 ही नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में बुधवार को जयपुर में 4 और पाली में 1 नया करोना संक्रमित मिला है। इससे पहले मंगलवार को 11 रोगी पाए गए थे। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में पांच स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें बस्सी, जगतपुरा, जमवारामगढ़ और सिरसी में 1-1 नया संक्रमित मिला है। आज जयपुर और पाली के अलावा अन्य किसी भी जिले में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

उधर प्रदेश में बुधवार को 6 मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 52 रह गए हैं। यह सभी मरीज जयपुर में रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही राजधानी में अब 45 लोगों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

उधर चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग चीन में संक्रमण के मामले बढ़ने को लेकर सतर्क हो गया है। इसके चलते राजस्थान सहित देशभर में आने वाले विदेशी यात्रियों की करोना की रेंडम सैम्पलिंग के निर्देश दिए गए हैं।

## आईसीसी सीओ चाहते है कि टेस्ट खेलने वाले अधिक देश पाक का दौरा करें

कराची, 21 दिसंबर। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम के तीन मैचों के सफल दौरे से उत्साहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ ज्योफ एलार्डिस चाहते हैं कि पाकिस्तान में और अधिक टेस्ट मैच खेले जाएं। इंग्लैंड ने रावलपिंडी, मुल्तान और कराची में टेस्ट मैच खेले जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक भी पहुंचे। इंग्लैंड ने इन तीनों मैचों में जीत दर्ज करके श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने भी इस साल के शुरू में पाकिस्तान का दौरा किया। स्टेडियमों में बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने से खेल के सबसे लंबे प्रारूप में पाकिस्तानी लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। एलार्डिस ने कहा,'' पाकिस्तान के प्रशंसक इस खेल को लेकर और अपनी टीम के प्रति जुनूनी है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे मेहमानों का स्वागत कर रहे हैं।'' पाकिस्तान अब दो टेस्ट मैचों के लिए मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला का पहला मैच 26 दिसंबर से कराची में खेला जाएगा। एलार्डिस को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के दौरों के बाद आगे पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट फलता फूलता रहेगा।

## केरल के 8 विकेट पर 268 रन

जयपुर, 21 दिसंबर। सचिन बेबी (नाबाद 109) के शतक और कप्तान संजू सैम्सन के अर्द्धशतक की मदद से केरल ने रणजी ट्रॉफी में मेजबान राजस्थान के लिए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 8 विकेट पर 268 रन बना लिये है। केरल पहली पारी के अभी मेजबान टीम से 69 रन पीछे है। राजस्थान के लिए अनिकेत चौधरी और मानव सुथार ने तीन-तीन विकेट लिये। मेजबान टीम ने आज कल के पांच विकेट पर 310 रन से आगे खेलना शुरू किया और पूरी टीम 337 रन पर आउट हो गई।

# डब्ल्यूटीसी में स्थिति सुधारने के लिए बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत

## बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट मैच आज से

मीरपुर, 21 दिसंबर। पहले टेस्ट मैच में शानदार जीत से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में अपनी स्थिति सुधारने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा।

इस मैच में कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल पर भी सभी की नजरें रहेंगी क्योंकि वह पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। डब्ल्यूटीसी तालिका में दो शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए होड़ बढ़ गई है। भारत 55.77 के प्रतिशत अंक (पीसीटी) के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका की गाबा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार के कारण भारत को फायदा हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका का पीसीटी 54.55 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 76.92 पीसीटी के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली आगामी घरेलू श्रृंखला भारत के लिए डब्ल्यूटीसी तालिका में चोटी के दो स्थानों पर बने रहने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी लेकिन वह बांग्लादेश के खिलाफ भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता जिसने पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सस्ते पर आउट होने के बाद जुझारूपन दिखाया। नियमित कप्तान रोहित शर्मा अभी अंगूठे की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और ऐसे में भारतीय एकादश में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है।

पहले टेस्ट मैच में शुभमन गिल और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ियों को सुनहरा मौका मिला था और उन्होंने इसका पूरा फायदा भी उठाया। यदि रोहित मैच के लिए फिट भी हो जाते तब भी गिल को बाहर करना मुश्किल था क्योंकि उन्होंने चटगांव में अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया था। लेकिन रोहित फिट नहीं है और ऐसे में गिल एक और मौके का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। राहुल भी पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में असफल रहने के बाद आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेंगे। चटगांव की तरह ही यहां भी पिच के धीमी रहने की संभावना है जो कि बल्लेबाजों के लिए आदर्श स्थिति होगी। ऐसे में राहुल के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला से पूर्व फॉर्म में लौटने का यह शानदार मंच होगा।

इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच से वापसी करने वाले अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पहले टेस्ट मैच में 90 और नाबाद 102 रन की पारी खेलकर तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत की है। पुजारा ने दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया। विराट कोहली के लिए भी नवंबर 2019 के बाद पहला टेस्ट शतक लगाने के लिए यह आदर्श मंच होगा। भारत ने दूसरी पारी में चार रन प्रति ओवर से भी अधिक की दर से रन बनाए थे और यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम अपने इसी सकारात्मक रवैए के साथ उतरती है या नहीं।

परिस्थितियों को देखते हुए गेंदबाज एक बार फिर से विकेट को लक्ष्य करके गेंदबाजी करना चाहेंगे फिर चाहे वह तेज गेंदबाज हों या स्पिनर। पिछले साल फरवरी के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे कुलदीप ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया और आठ विकेट लिये। उन्होंने दूसरी पारी में आर अश्विन और अक्षर पटेल से कम गेंदबाजी की लेकिन इसके बावजूद वह तीन विकेट लेने में सफल रहे।

अश्विन स्पिनरों की मददगार पिच पर केवल एक विकेट ही ले पाए थे और वह उसकी भरपाई यहां करने के लिए बेताब होंगे। अक्षर ने दूसरी पारी में चार विकेट लेकर अपनी उपयोगिता साबित की। बांग्लादेश ने जिस तरह से चौथे दिन बल्लेबाजी की उससे वह प्रेरणा लेना चाहेगा। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने शतक जड़कर दिखाया कि वह इस स्तर पर खेलने के लिए तैयार हैं। सीनियर बल्लेबाज लिटन दास और मुशफिकुर रहीम अपनी गलतियों से सबक लेकर बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे।

## दूसरे टेस्ट से बाहर रह सकते है राहुल

ढाका, 21 दिसंबर। भारत के कार्यवाहक कप्तान लोकेश राहुल हाथ में चोट लगने के कारण बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राहुल की चोट गंभीर नहीं है, हालांकि उनके खेलने पर संदेह है। राठौड़ ने कहा, ''चोट गंभीर नहीं लग रही। वह ठीक दिख रहे हैं। डॉक्टर चोट को देख रहे हैं, लेकिन उम्मीद है कि वह ठीक होंगे।'' उल्लेखनीय है कि अंगूठे में चोट लगने के बाद रोहित शर्मा बंगलादेश टेस्ट सीरीज में शामिल नहीं हो सके, जिसके बाद राहुल को कप्तानी सौंपी गयी थी। अगर राहुल गुरुवार को शुरू होने वाले मैच में हिस्सा नहीं लेते हैं तो उपकप्तान चेतेश्वर पुजारा टीम की कमान संभालेंगे। राहुल का गैर-मौजूदगी में सलामी बल्लेबाज अभिमन्यू ईश्वरन भी भारत के लिये पदार्पण कर सकते हैं। राष्ट्रीय टीम में अभिमन्यु का चयन भारत-ए में उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। उन्होंने भारत-ए की कप्तानी करते हुए बंगलादेश-ए के विरुद्ध दो अनाधिकारिक टेस्ट मैचों में दो शतक बनाये, जबकि इससे पहले उन्होंने विजय हज़ारे ट्रॉफी में बंगाल के लिये भी शतक जड़ा था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट अच्छा अभ्यास : राठौड़

मीरपुर, 21 दिसंबर। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ चल रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर इसी तरह की 'टर्निंग पिचों' पर आस्ट्रेलिया से होने वाली सीरीज से पहले भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी के लिये बिलकुल 'परफेक्ट' है। बांये हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए शानदार वापसी की जिससे भारत ने चटगांव में मुश्किल पिच पर बांग्लादेश को 188 रन से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर चल रही भारतीय टीम शीर्ष पर चल रही आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने से पहले बांग्लादेश में क्लीन स्वीप करना चाहेगी।

राठौड़ ने दूसरे और अंतिम टेस्ट की पूर्व संध्या पर यहां कहा, ''उप महाद्वीप में आप विकेट के टर्न लेने की उम्मीद करते हो और इसके बाद हम आस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण श्रृंखला खेलेंगे जिसमें भी विकेट के टर्न लेने की उम्मीद है। ''

उन्होंने कहा, ''इसलिये हमारे लिये यह अच्छा अभ्यास है। यह भारतीय बल्लेबाजों के लिये अच्छी तैयारी होगी। हम तकनीकी रूप से किसी भी चीज पर चर्चा नहीं कर रहे हैं लेकिन अच्छा क्रिकेट खेलने के लिये तैयार हैं। चटगांव टेस्ट में युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने लंबे प्रारूप में अपना पहला शतक जड़ा जबकि तीसरे नंबर के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी दूसरी पारी में 130 गेंद में नाबाद 102 रन की पारी खेलकर लंबे समय से शतक के इंतजार को खत्म किया। जनवरी 2019 में सिडनी टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 193 रन की पारी के बाद यह उनका पहला सैकड़ा था। करीब चार साल बाद उन्होंने अपना 19वां शतक जमाया।

राठौड़ ने कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल और विराट कोहली के साथ लंबी बातचीत की और उन्हें शीर्ष दो बल्लेबाजों से भी बड़ी पारी खेलने की उम्मीद है। राहुल 22 और 23 रन ही बना सके। राहुल से हुई चर्चा के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, ''मैं उन चर्चाओं में नहीं जाना चाहूंगा, ये चर्चायें होती रहती हैं, वह कुछ चीजें करना चाह रहा था और इसके बारे में चिंता की कोई बात नहीं है। वह कुछ चीजें आजमा रहा था। ''

उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि दोनों रन जुटायें। इस मैच में दोनों से बड़ी पारियों की उम्मीद लगाये हैं। कोहली ने हाल में अपने अंतरराष्ट्रीय शतक का लंबा इंतजार खत्म किया, पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में और फिर बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में। कोहली से अब एक टेस्ट शतक का इंतजार है जो उन्होंने पिछली बार 2019 में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में इसी बांग्लादेश टीम के खिलाफ बनाया था। राहुल के अंगूठे में 'थ्रोडाउन' से गेंद लग गयी थी लेकिन बल्लेबाजी कोच ने कहा कि वह ठीक लग रहा है।

## कार्तिकेय के फिरकी के जादू से मध्य प्रदेश की आसान जीत

इंदौर, 21 दिसंबर। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहली बार मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में चंडीगढ़ को पारी और 125 रन से रौंद दिया। पिछले सत्र में 32 विकेट के साथ शम्स मुलानी के बाद दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे कार्तिकेय ने उसी फॉर्म को जारी रखते हुए मैच में 64 रन देकर 10 विकेट चटकाए जिससे मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन चंडीगढ़ को दो बार 57 और 127 रन के स्कोर पर ढेर किया। बोनस अंक के साथ लगातार दो जीत दर्ज करने के बाद मध्य प्रदेश की टीम ग्रुप डी में 14 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। टीम ने अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर को भी पारी और 17 रन से हराया था। मध्य प्रदेश ने दिन की शुरुआत सात विकेट पर 289 रन से की और उसकी पारी 309 रन पर सिमट गई। चंडीगढ़ के लिए संदीप शर्मा ने 93 रन देकर तीन जबकि हरतेजस्वी कपूर ने 64 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में सिर्फ 24 ओवर में सिमट गई।

# पीसीबी ने आईसीसी को आश्वत किया, भारत में विश्व कप के बहिष्कार का कोई फैसला नहीं : सूत्र

कराची, 21 दिसंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी अधिकारियों को बताया है कि उसने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से बहिष्कार की धमकी इस पड़ोसी देश को एशिया कप के लिये अपनी टीम भेजने का दबाव बनाने के लिये दी थी। इसकी जानकारी सूत्रों ने दी है। एशियाई क्रिकेट परिषद ने 50 ओवर के एशिया कप के 2023 चरण की मेजबानी के अधिकार पाकिस्तान को दिये हैं जो भारत में अक्टूबर-नवंबर 2023 में होने वाले विश्व कप से पहले होगा।

अक्टूबर में एसीसी अध्यक्ष और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह ने कहा था कि भारत अगले साल 50 ओवर के एशिया कप के लिये यात्रा नहीं करेगा जिसके सितंबर में आयोजित होने की संभावना है। पर इसके बाद पीसीबी ने विश्व कप से हटने की धमकी दी थी।

लेकिन पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन रमीज राजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद अधिकारियों को बताया है कि बोर्ड ने भारत में 50 ओवर के विश्व कप के लिये अपनी टीम नहीं भेजने संबंधित कोई फैसला नहीं किया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ अलार्डिस सहित आईसीसी अधिकारी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला देखने के लिये मेहमान के तौर पर पाकिस्तान में थे। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, ''रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को आश्वस्त किया कि पीसीबी ने विश्व कप के लिये अपनी टीम भारत नहीं भेजने संबंधित कोई फैसला नहीं किया है और ना ही वह इतने बड़े टूर्नामेंट के बहिष्कार के पक्ष में है लेकिन दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते पीसीबी ने भारतीय बोर्ड पर एशिया कप के लिये अपनी टीम भेजने का दबाव बनाया था।

सूत्र ने कहा कि आईसीसी अधिकारियों ने रमीज को उनके बयान के संबंध में अपनी चिंतायें भी जाहिर की कि अगर भारतीय टीम एशिया कप में हिस्सा नहीं लेगी तो पाकिस्तान भी अगले साल भारत में विश्व कप में नहीं खेलेगा। सूत्र के अनुसार रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को यह भी कहा कि भारत के पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर पाने के कारण पीसीबी देश से 2025 चैम्पियंस ट्राफी हटाये जाने को भी स्वीकार नहीं करेगा। सूत्र ने कहा, ''रमीज ने आईसीसी अधिकारियों को यह भी याद दिलाया कि कार्यकारी बोर्ड (जिसमें भारत भी शामिल है) ने चैम्पियंस ट्राफी की मेजबानी का अधिकार पाकिस्तान को दिया था इसलिये टूर्नामेंट के कार्यक्रम को लेकर कोई संदेह नहीं होना चाहिए।